Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding widening and strengthening of the existing National Highway No. 31 from Nalbari to Bijni in Assam.

श्री अब्दुल खालेक (बारपेटा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे बोलने का मौका देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

Sir, this is regarding widening and strengthening of the existing National Highway No. 31 and conversion from two lane to four lanes on kilometre 1013.000 to kilometre 1040.300 of Nalbari to Bijni, section of national highway 31 in the State of Assam in the East-West corridor under Phase II of NHDP, contract package EW 2/AS 07.

महोदय, यह सिर्फ 27 किलोमीटर का काम है । वर्ष 2005 से यह काम चल रहा है, लेकिन अभी तक कम्प्लीट नहीं हुआ है ।

ढोला सदिया का ब्रिज डा. मनमोहन सिंह जी की सरकार ने शुरू किया था और वर्तमान प्रधान मंत्री जी ने इसका उद्‌घाटन किया । यह बहुत अच्छी बात है । 14 साल से यह काम चल रहा है । हम चाहते हैं कि पाथसाला ब्रिज और कल्वर्ट ब्रिज जो अभी तक पूरी तरह से कम्प्लीट नहीं हुए हैं, वह 27 किलोमीटर का रास्ता जल्दी से जल्दी पूरा होना चाहिए ।

अध्यक्ष महोदय, नैशनल हाईवे 37 ओल्ड कृष्णई गोलपाड़ा जिला एक बहुत ही इम्पॉर्टेन्ट रास्ता है, यह मेघालय भी जाता है । यह दक्षिण पार का बहुत ही महत्वपूर्ण रास्ता है, लेकिन एक साल से बेली ब्रिज जो सिर्फ 3.5 मीटर का है, ऐसे ही चल रहा है । वहां भूमि अधिग्रहण की भी प्रॉब्लम नहीं है । उसके बावजूद यह काम शुरू नहीं हुआ । हम चाहते हैं कि सरकार जल्द से जल्द यह काम करे । मैं यह भी मांग करता हूं कि हमारे स्टेट का स्टेट हाईवे नंबर 2 है, वह एग्रीकल्चरल एरिया है, उसे नैशनल हाईवे डिक्लेयर किया जाए ।